# Fourteenth Loksabha

## Session : 6
## Date : 20-12-2005
**Participants : Patil Shri Jaisingrao Gaikwad**

>

Title : Regarding need to set up an earthquake measuring devise in Beed Parliamentary Constituency, Maharashtra.

**श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील (बीड)** : महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र बीड, महाराट्र में गत 14 नवंबर से जमीन से फटाका फूटने जैसी आवाज आ रही हे। परळी तहसील के मोहा गांव के पहाडों में व परिसर में यह आवाज आ रही है। इससे सारी जनता भयभीत हो चुकी है।

गत एक महीने से आवाज 1-24 संख्या में आते हैं। पूर्व काल में बीड जिले में साळिंबा तहसील वडवणी, नागपुर तहसील परळी, मांजरसुंबा के पहाड़ तहसील बीड, में भी ऐसे ही आवाज आती रही है। अब मोहा वंजारवाडी, करेवाडी तहसील परळी में भी बारी बारी से आवाज आ रहे हैं।

बहुत सारी सरकारी एजेंसियां स्थानीय प्रशासन की मांग पर इस क्षेत्र का दौरा व सर्वे कर चुकी हैं, परंतु आवाज के कारणों को कोई तलाश नहीं सका। ठोस कारण सामने नहीं आ सके। इससे उस परिसर के लोग और भी भयभीत हो चुके हैं। इस वातावरण से भयभीत जनता को मदद की जरूरत है।

जब तक आवाजों के कारणों का पता नहीं लगता तब तक यहां पर अपने घरों से बाहर रहने के लिए सभी परिवारों को टैंटों का वितरण होने की आवश्यकता है। इतना ही नहीं, इन सारी घटनाओं को देखते हुए बीड जिले में भूकंप मापन यंत्र लगाने की जरूरत है।

अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी राज्य मंत्री, स्वतंत्र कार्यभार से अनुरोध है कि वे इस विाय पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान दें। उपरोक्त क्षेत्र के परिस्थिति का जायजा लें व सभीपरिवारों को टेंटों की व्यवस्था तुरंत कर बीड जिले में भूकंप मापन यंत्र लगाने का कट करें, ताकि मेरा चुनाव क्षेत्र बीड की जनता भयमुक्त हो सके।